# सौर ऊर्जा का केंद्र बन रहा बुंदेलखंड

## यूपीनेडा के अध्यक्ष बोले- यूपी ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में की उल्लेखनीय प्रगति

### सीआईआई का स्वच्छ ऊर्जा सम्मेलन

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। सीआईआई के स्वच्छ ऊर्जा सम्मेलन में वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत के अपर मुख्य सचिव और यूपीनेडा अध्यक्ष नरेंद्र भूषण ने कहा कि यूपी ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

बुंदेलखंड को सोलर हब के रूप में विकसित करने जैसी पहल न सिर्फ ऊर्जा उत्पादन बढ़ा रही हैं, बल्कि रोजगार सृजन और किसानों की आय में भी वृद्धि कर रही है। वे मंगलवार को गोमती नगर स्थित एक होटल में सम्मेलन में बोल रहे थे। सम्मेलन की अध्यक्षता टेक्निकल एसोसिएट लिमिटेड के सीईओ विनम्र अग्रवाल ने की।

सम्मेलन में पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल ने कहा कि प्रदेश आज देश में सबसे प्रतिस्पर्धी बिजली दरों वाले राज्यों में से एक है। यह न सिर्फ उद्योगों, बल्कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे उभरते क्षेत्रों के लिए भी फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में व्यापक ईवी चार्जिंग ईकोसिस्टम स्थापित करने की दिशा में काम हो रहा है। यूपीनेडा के सीईओ इंदरजीत सिंह ने कहा कि यूपीनेडा का लक्ष्य हर नागरिक के लिए सुलभ, सस्ती और सतत ऊर्जा देना है।

सीआईआई की चेयरपर्सन डॉ. उपासना अरोड़ा ने कहा कि यूपी भारत की स्वच्छ ऊर्जा क्रांति में तेजी से अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। सीआईआई जैसे मंच इस सकारात्मक गति का लाभ उठाने, प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाने और यूपी को हरित ऊर्जा और नवाचार का राष्ट्रीय अग्रदूत बनाने के लिए एक संयुक्त रोडमैप तैयार करने का अवसर देते हैं।

जैकसन ग्रुप के चीफ बिजनेस ऑफिसर संजय गुप्ता ने कहा कि प्रदेश की सबसे बड़ी विशेषता इसका सक्रिय और दूरदर्शी नीतिगत ढांचा है। इसमें आकर्षक टैक्स इंसेंटिव्स, पूंजी सब्सिडी और निवेशकों के अनुकूल नियम शामिल हैं।